Akhter Jawed: akhterkhongapani@gmail.com: 9770090427 : 9406085987
Assistant General Secretary: Hind Khadan Mazdoor Federation: HMS &
Representative: Hind Mazdoor Sabha: Tripartite Safety Board: Coal India Limited
POST: B/38: Khongapnee: M. C. B. Chhattisgarh: 497447

REF: HMS: HKMF: AGS: 2026: MOLE: 011 DATE: 19 : 03: 2026

प्रति,

माननीय अध्यक्ष महोदय,

हिन्द मजदूर खदान फेडरेशन

[हिन्द मजदूर सभा]

बिषय: जांच रिपोर्ट:

महोदय,

उपरोक्त बिषय जांच रिपोर्ट के संदर्भ मे निम्न कथन प्रस्तुत करता हूं कि;

1. कोयला मजदूर सभा के सचिव [केन्द्रीय] कामरेड अमलेंदु कुमार बिश्वास द्वारा कोयला मजदूर सभा [रजिस्ट्रेशन नम्बर 3040 एंव हिन्द मजदूर सभा से एफिलेशन नम्बर 45] मे ब्याप्त आर्थिक अनियमितताओं और मनमाने निर्णयों के संबंध मे की गई शिकायत पर हिन्द मजदूर खदान फेडरेशन की कार्यकारणी समिति की बैठक दिनांक 21.09.2025 को विस्तृत चर्चा की गई और एक आंतरिक समिति के द्वारा इन शिकायतों की जांच करने का निर्णय लिया गया था। इस निर्णय के समय कामरेड नाथूलाल पाण्डेय महासचिव कोयला मजदूर सभा भी कार्यकारणी बैठक मे उपस्थित रहे।

2. तदानुसार हिन्द खदान मजदूर फेडरेशन के अध्यक्ष कामरेड रेशमलाल यादव ने पत्र दिनांक 27.10.2025 के द्वारा एक तीन सदस्यीय समिति का गठन कर जांच करने हेतु अधिकृत किया गया।

3. समिति के सदस्यगण कामरेड हरि यादव, उपाध्यक्ष [केन्द्रीय] कामरेड तरुन कुमार राहा सचिव [केन्द्रीय] एंव कामरेड अख़्तर जावेद उस्मानी उपमहासचिव [केन्द्रीय] ने जांच मे सबसे पहले शिकायतकर्ता कामरेड ए. के. बिश्वास का बयान दर्ज करने के बाद उस पर कामरेड नाथूलाल पाण्डेय का पक्ष जानने हेतु और संबधित दस्तावेजों

Scanned with OKEN Scanner

Akhter Jawed: akhterkhongapani@gmail.com: 9770090427 : 9406085987
Assistant General Secretary: Hind Khadan Mazdoor Federation: HMS &
Representative: Hind Mazdoor Sabha: Tripartite Safety Board: Coal India Limited
POST: B/38: Khongapnee: M. C. B. Chhattisgarh: 497447

को उपलब्ध कराने हेतु दर्ज बयान को कामरेड नाथूलाल पाण्डेय को भेजने का निर्णय लिया।

4. इसी निर्णय के आधार पर कामरेड अमलेंदु कुमार विश्वास का बयान दिनांक **30.11.2026** को रिकार्ड किया गया।

5. कामरेड ए. के. बिश्वास ने अपना बयान के साथ अनेकों दस्तावेज भी प्रस्तुत किया और समिति द्वारा उन सभी दस्तावेजों को ईमेल ID: nathulalpandey@gmail.com द्वारा दिनांक **03.12.2025** को कामरेड नाथूलाल पाण्डेय को बैंक पासबुक्स् आदि सहित, उनके पक्ष प्रस्तुतीकरण हेतु भेजा गया।

6. कामरेड नाथूलाल पाण्डेय द्वारा समिति के द्वारा भेजे गये कामरेड अमलेंदु कुमार बिशवास का बयान और प्रस्तुत दस्तावेजों के साथ पर कोई प्रतिक्रिया नही दी गई है।

7. समिति की ओर से पुनः **20.12.2025** को ईमेल ID: nathulalpandey@gmail.com से समस्त दस्तावेजों को कामरेड नाथूलाल पाण्डेय को भेजा गया । परंतु कामरेड नाथूलाल पाण्डेय ने इस मेल पर भी अपनी ओर से कोई प्रतिक्रिया या दस्तावेज नही दी।

8. दिनांक **21.09.2025** को कार्य समिति की बैठक मे यह निर्णय हुआ था कि आंतरिक जांच समिति की रिपोर्ट को अगली कार्यकारणी समिति के समक्ष विचारार्थ रखा जायेगा।

9. अगली कार्यकारणी की बैठक 2026, मार्च 19 एंव 20 को नार्दन कोलफील्डस् लिमिटेड मे तय होने के बाद दिनांक 13 मार्च 2026 को पुनः पहले की दो मेल के संदर्भ मे पुनः नाथूलाल पाण्डेय जी को भेजी गई है जिस पर कोई भी प्रतिउत्तर अप्राप्त है।

Scanned with OKEN Scanner

Akhter Jawed: akhterkhongapani@gmail.com: 9770090427 : 9406085907
Assistant General Secretary: Hind Khadan Mazdoor Federation: HMS &
Representative: Hind Mazdoor Sabha: Tripartite Safety Board: Coal India Limited
POST: B/38: Khongapnee: M. C. B. Chhattisgarh: 497447

10. कामरेड अमलेंदु कुमार विश्वास के द्वारा प्रस्तुत तथ्यों मे यह वर्णन है कि कोयला मजदूर सभा को श्रमिकों से प्राप्त सदस्यता राशि को आदित्य ट्रान्समूवर्स प्राईवेट लिमिटेड को लोन पर दिया जाता था। इस कंपनी के संस्थापक डायरेक्टर स्वंय कामरेड नाथूलाल पाण्डेय थे और दो वर्षों के बाद उनके परिवार जन इस कंपनी के डायरेक्टर है।

11. रजिस्ट्रार ट्रेड यूनियन को कोयला मजदूर सभा की ओर से जमा किये गये वैधानिक रिटर्न मे आदित्य ट्रान्समूवर्स प्राईवेट लिमिटेड के साथ अन्य संस्थानों को भी त्रृण देने का उल्लेख है।

12. कामरेड अमलेंदु कुमार विश्वास द्वारा 12 वर्षों के रिटर्नस् की कापी उपलब्ध कराई है जिसके अनुसार दो करोड़ छियासी लाख रुपये के त्रृण कोयला मजदूर सभा द्वारा उन कंपनियों को दिये गये है जिसके कामरेड नाथूलाल पाण्डेय या उनके परिजन डायरेटर है या रहें है।

13. कामरेड अमलेंदु कुमार विश्वास के अनुसार कोयला मजदूर सभा के महासचिव के रुप मे ीयला श्रमिकों से प्राप्त सदस्यता धान को रजिस्टर्ड ट्रेड यूनियन के घोषित उद्येश्यों से अलग ब्यक्तिगत ब्यवसाय मे लगाया गया है जो विधि के विरुद्ध है।

14. इस कथित त्रृण का शोधन नाम मात्र को हुआ है। इस त्रृण पर ब्याज दर किसने तय की कितनी तय की थी, यह भी अज्ञात है। त्रृण की कुछ राशि माफ़ भी कर दी गई है।

15. कामरेड अमलेंदु कुमार विश्वास द्वारा वर्णित कंपनियों के डायरेक्टरों का विवरण भी दिया गया है। भारत सरकार के मिनिस्ट्री आफ़ कारपोरेट अफ़ेयरर्स की वेब साईट पर डीआईएन और सीआईएन नम्बर [DIRECTOR IDENTITIFICATION NO & COMPANY

Scanned with OKEN Scanner

Akhter Jawed: akhterkhongapani@gmail.com: 9770090427 : 9406085987
Assistant General Secretary: Hind Khadan Mazdoor Federation: HMS &
Representative: Hind Mazdoor Sabha: Tripartite Safety Board: Coal India Limited
POST: B/38: Khongapnee: M. C. B. Chhattisgarh: 497447

IDENTIFICATION NOI

सुविधा उपलब्ध है। इस वेबसाईट मे कामरेड नाथूलाल पाण्डेय एंव उनके परिजनों के कोयला मजदूर सभा से ऋण प्राप्त करने वाली कंपनियों के डायरेक्टर होने की पुष्टि की जा सकती है।

16. कामरेड अमलेंदु कुमार विश्वास द्वारा आदित्य ट्रान्समूवर्स प्राईवेट लिमिटेड की कुछ वर्षों की बैलेंसशीट भी प्रस्तुत की है परंतु उसमे कोयला माजदूर सभा से ऋण प्राप्ति का कोई उल्लेख नही है। जबकि उन्ही वर्षों मे कोयला मजदूर सभा के रिटर्न मे ऋण देना दर्शाया गया है।

17. इन सभी दस्तावेजों को रिटर्न सहित, कामरेड नाथूलाल पाण्डेय महासचिव कोयला मजदूर सभा को प्रेषित करने के बाद भी कोई प्रतिक्रिया प्राप्त न होने और बैक पासबुक आदि दस्तावेजों को समिति को न उपलब्ध कराये जाने पर और न ही आदित्य ट्रान्समूवर्स सहित अन्य कंपनियों की स्वंय की या परिजनों की डायरेक्टरशिप से इन्कार न करने पर कामरेड अमलेंदु कुमार बिश्वास के द्वारा प्रस्तुत पुष्टि योग्य दस्तावेजों को मिनिस्ट्री आफ कारपोरेट अफ़ेयर्स की वेब साईट से भी पुष्टि कर यह सही पाया गया कि

अ. रिटर्न मे वर्णित ऋण प्राप्त करने वाली कंपनियों के डायरेक्टर भी कोयला मजदूर सभा के महासचिव कामरेड नाथूलाल पाण्डेय और उनके परिजन रहें है।

ब. कोयला मजदूर सभा के संविधान मे वर्णित उद्येश्यों से परे जाकर स्वंय और परिजनों के ब्यवसाय को ऋण दिया जाना ट्रेड यूनियन के उद्येश्यों के विपरीत है।

स. इस तरह से सदस्यता राशि को पारिवारिक हित मे आर्थिक लेनदेन उपने आप मे संस्था निधि का न्यासी द्वारा न्यास भंग करता है। अपने आप मे यह कई विधियों का उल्लंघन है।

Scanned with OKEN Scanner

Akhter Jawed: akhterkhongapani@gmail.com: 9770090427 : 9406085987
Assistant General Secretary: Hind Khadan Mazdoor Federation: HMS &
Representative: Hind Mazdoor Sabha: Tripartite Safety Board: Coal India Limited
POST: B/38: Khongapnee: M. C. B. Chhattisgarh: 497447

द. कामरेड नाथूलाल पाण्डेय महासचिव कोयला मजदूर सभा द्वारा बैंक एकाउंटस, फिक्स डिपाज़िटस्, मिनटस् उनके वितरण आदि उपलब्ध न कराये जाने से समिति द्वारा भारत सरकार की मिनिस्ट्री आफ कारपोरेट अफ़ेयर्स की वेबसाईट मे जाकर डायरेक्टर आईडेन्टीफिकेशन नम्बर और कंपनी आईडेन्टीफिकेशन नम्बर से देखने पर उपलब्ध डाटा से इन कंपनियों के स्वामित्व की पुष्टि होती है। जैसा कि कामरेड अमलेंदु कुमार विश्वास ने अपनी शिकायत मे वर्णित किया है।

ई उपरोक्त विवरण अनुसार यह निष्कर्ष है कि कामरेड नाथूलाल पाण्डेय महासचिव कोयला मजदूर सभा ने कोयला मजदूरों से ट्रेड यूनियन गतिविधियों से प्राप्त राशि को अपने और अपने परिजनों के स्वामित्व की कंपनियों को व्यावसायिक रुप से ऋण देते थे जिसकी कोई ब्याज दर नही थी न ही ब्याज प्राप्त कोयला मजदूर सभा को प्राप्त होने की कोई प्रविष्टि रिटर्नस मे नही दर्शायी गई है। इस ऋण की राशि मे से केवल एक वर्ष मे रिटर्न मे ऋण वापसी ₹ देढ़ लाख मात्र रुपये दिखाई गई। एक रिटर्न मे ऋण माफी भी लगभग ₹ देढ़ लाख मात्र दर्शायी गई है। जबकि उपलब्ध दस्तावेजों के अनुसार कथित ऋण दो करोड़ छियासी लाख रुपये है। कोयला मजदूर सभा के एकाउंटस की व्यापक जांच होने से ही पूरी स्थिति की व्यापकता स्पष्ट हो सकती है।

कामरेड रेशमलाल यादव को रिपोर्ट प्रस्तुत है।

समिति के लिये

19.03.2026

Scanned with OKEN Scanner